# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, बुधवार,25 मार्च 2026


## सुविचार



महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि हर बच्चे को सिखाया जाए, बल्कि हर बच्चे को सीखने की इच्छा दी जानी चाहिए।

- जॉन लब्बॉक

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलटा, एक की मौत II
- गाडगे प्रेक्षागृह में जीवंत हुआ दशरथ मांझी का संघर्ष III
- ऋग्वैदिक काल से शुरू हुई मुद्रा और विनिमय प्रणाली IV


## शहर में आज



- दारुलशफा के ए ब्लाक सभागार में समाजवादी मजदूर सभा की बैठक- 11:00 बजे से।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी संरक्षण, संवर्धन एवं भविष्य विषय पर संगोष्ठी- 11:00 बजे से।
- कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोशालाओं की समीक्षा के लिए बैठक- 12:00 बजे से।
- आईआईएम रोड स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की ओर से नवरात्र पर 101 कन्याओं का पूजन- 1:00 बजे से।
- पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय क्षेत्र हजरतगंज में डाक अदालत का आयोजन- 2:30 बजे से।
- राज्य ललित कला अकादमी की अकादमी की कला वीथिका में कला प्रदर्शनी का उद्घाटन- 4:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में दो दिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह की दूसरी संध्या पर कानपुर की नाट्य संस्था अनुभूति की ओर से नाटक दिल की दुकान का मंचन- 6:30 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाट्य संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर से नाटक अदृश्य का मंचन- 7:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# अनार के दानों की झिल्ली लंग्स कैंसर के इलाज में कारगर

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

- लविवि के प्राणी विज्ञान विभाग में किया गया शोध
- छात्रा डॉ. प्रियंका अग्रवाल के शोध पर पेटेंट भी मिला

**अमृत विचार:** दाडिमं मधुरं स्निग्धं दीपनीयं रुचिप्रदम् आयुर्वेद में दाडिम अनार को कहा गया है। मीठा और स्निग्ध हल्का अनार वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित करता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग में हुए शोध में अनार से फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारी की रोकथाम में सहायक होने के परिणाम सामने आए हैं। अंतिम स्टेज में पता चलने वाली लंग्स कैंसर की बीमारी में प्रयोग होने वाली दवा ''डाक्सोरूबिसिन'' की कार्यक्षमता को अनार कई गुना बढ़ा देता है। डॉ. प्रियंका अग्रवाल के इस शोध पर पेटेंट भी हासिल हो गया है।

विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के शोध में पाया गया है कि अनार के दानों की पीले रंग की झिल्ली फेफड़े के कैंसर (लंग्स कैंसर) की कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में सक्षम है। शोध के लिए पुणे के नेशनल सेंटर फॉर सेल साइंसेज से फेफड़े के कैंसर की ए-549 कोशिकाएं मंगवाई गईं। अनार की झिल्ली को सुखाकर 100 प्रतिशत इथेनॉल में इसका अर्क (एब्स्ट्रैक्ट) तैयार किया गया। जिससे इथेनॉल में घुलने वाले सारे तत्त्व इसमें आ जाएं। शोध के दौरान जांच में सामने आया कि इस अर्क में ''5-हाइड्रोक्सीमैथिलफर्फुरल'' नामक तत्व की मात्रा सबसे अधिक (65 प्रतिशत) है, जो कैंसर कोशिकाओं के विरुद्ध बेहद प्रभावी है।


### इस तरह हुआ मिश्रण तैयार



- दो तरह के मिश्रण तैयार किए गए, जिसमें पहले मिश्रण में 35 माइक्रोग्राम अर्क के साथ 1.2 माइक्रोग्राम दवा दी गई तो 65 प्रतिशत कैंसर कोशिका नष्ट हो गई। जबकि दूसरे मिश्रण में 44 माइक्रोग्राम अर्क के साथ 1.5 माइक्रोग्राम दवा देने पर 77 प्रतिशत कैंसर कोशिका खत्म हो गई।

### अनार की झिल्ली के अर्क का कमाल

- कैंसर प्रभावित कोशिकाओं पर जब 35 माइक्रोग्राम प्रति एमएल की डोज दी गई, तो इसने लगभग 41 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर दिया। इसके अलावा जब इस अर्क (एब्स्ट्रैक्ट) को कैंसर की दवा ''डाक्सोरूबिसिन'' के साथ मिलाया गया, तो इसकी मारक क्षमता कई गुना बढ़ गई।



प्रयोगशाला में शोधकार्य करती डॉ. प्रियंका अग्रवाल।

### उपचार में कोई साइड इफैक्ट नहीं

- इस शोध की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह घातक मिश्रण केवल कैंसर की कोशिकाओं पर प्रहार करता है और शरीर की सामान्य कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। आमतौर पर कीमोथेरेपी के दौरान स्वस्थ कोशिकाएं भी नष्ट हो जाती हैं, लेकिन अनार की झिल्ली का यह प्राकृतिक गुण इस जोखिम को कम कर सकता है।

### निष्कर्ष

- मुख्य तत्व 5-हाइड्रोक्सीमैथिलफर्फुरल (65 प्रतिशत) दवा के साथ मिलकर 77 प्रतिशत तक कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने की क्षमता रखता है जो पूरी तरह सुरक्षित बिना किसी दुष्प्रभाव के युक्त है।

## लखनऊ में एक लाख पौधे लगाएगा एलडीए

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी योजनाओं में एक लाख पौधे लगाकर हरा-भरा करेगा। प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने पौधरोपण अभियान की तैयारी शुरू कर दी है। पौधों की प्रजाति और स्थल चिह्नित किए जाएंगे। इस बार पौधरोपण अभियान के तहत एलडीए एक लाख पौधे लगाएगा। पौधरोपण अपनी खासकर नई आवासीय योजना नैमिष नगर, वरुण विहार, सीजी सिटी, वेलनेस सिटी और अनंत नगर में किया जाएगा। इन योजनाओं के सेक्टर, डिवाइडर, पार्क आदि में फूल, छाया और फलदार पौधे लगेंगे। इनमें कुछ पौधे वन विभाग से लिए जाएंगे और अन्य प्रजाति के बाहर से खरीदे जाएंगे।

# नगर निगम चिप से रखेगा आवारा कुत्तों पर नजर

## अप्रैल से नगर निगम का पशु कल्याण विभाग कुत्तों को लगाएगा चिप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- चिप स्कैन करते ही कुत्तों की तुरंत हो जाएगी पहचान
- नसबंदी, टीकाकरण की जानकारी भी मिल जाएगी



**अमृत विचार :** शहर में आवरा कुत्तों (स्ट्रीट डॉग) की तेजी से बढ़ती आबादी पर नगर निगम का पशु कल्याण विभाग चिप से नजर रखेगा। अगले वित्तीय वर्ष में करीब 10,000 कुत्तों को चिप लगाने का लक्ष्य है। चिप को स्कैन करते ही कुत्ते की पहचान हो जाएगी। उसके टीकाकरण और नसबंदी की जानकारी भी मिल जाएगी। यह भी पता चल जाएगा कि कुत्ता कितने लोगों को काट चुका है। अगले वित्तीय वर्ष के अप्रैल से पशु कल्याण विभाग चिप लगाने का काम शुरू करेगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया में है। अगले महीने फर्म तय हो जाने के बाद काम शुरू कर देगी।

नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि चिप चावल के दाने की तरह होगी। इसे इंजेक्शन से कुत्ते के शरीर में इन्प्लांट कर दिया जाएगा। इस चिप में कुत्ते का डेटा सुरक्षित रहेगा। नसबंदी के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से कुत्ते पकड़ने के दौरान एबीसी सेंटर में चिप इन्प्लांट कर दी जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में करीब 1.30 लाख आवारा कुत्ते हैं। ये लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। अब नगर निगम का पशु कल्याण विभाग इनकी पहचान के लिए डाटा तैयार करने जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में रह रहे आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण करके इनमें चिप लगा दी जाएगी। चिप में कुत्तों का एरिया, नसबंदी और टीकाकरण का विवरण और लोगों को काटने की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे पशु कल्याण विभाग की टीम आवारा कुत्तों की आसानी से पहचान कर सकेगी।

### नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त कराई भूमि

- अमृत विचार,लखनऊ : नगर निगम के संपत्ति विभाग ने मंगलवार को बीकेटी तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर मजरा में लगभग 2.40 मूल्य की 0.119 हेक्टेयर और सरोजनीनगर तहसील के ग्राम अलीनगर सुनहरा में 2 करोड़ मूल्य की सरकारी जमीन से अतिक्रमण मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मोहम्मदपुर मजरा में गाटा संख्या-158 की 0.281 हेक्टेयर व गाटा संख्या-184 की 0.238 हेक्टेयर भूमि पर बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही थी।सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद ने टीम ने भेजकर जेसीबी से बाउंड्री और अन्य निर्माण ध्वस्त कर दिए। सरोजनीनगर तहसील के ग्राम अलीनगर सुनहरा में खसरा संख्या 1207 की 0.066 हेक्टेयर नवीन परती, खसरा संख्या 1271 की 0.089 हेक्टेयर बंजर व 0.076 हेक्टेयर रास्ते पर अतिक्रमण था। इसमें रास्ते की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया है।

### हजरतगंज में मल्टीलेवल पार्किंग पर महापौर ने मारा छापा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने बनी भूमिगत पार्किंग का औचक निरीक्षण किया। महापौर के अचानक पहुंचने से पार्किंग परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान महापौर को लिफ्ट बंद मिली। इसके अलावा पार्किंग के बेसमेंट में अवैध रूप से कार बाजार और गैराज चल रहा था, जिसे महापौर ने बंद करा दिया। पार्किंग में गंदगी देख महापौर ने नगर आयुक्त से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। महापौर ने नगर आयुक्त से अवैध तरीके से चल रहे कार बाजार में लंबे समय से खड़ीं गाड़ियों को आरटीओ अधिकारियों से जांच कर जब्त करने के लिए निर्देश दिए।

## सिटी ब्रीफ



धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं युवतियां।

### कल से गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

**अमृत विचार,लखनऊ :** शहर और आस-पास 26 मार्च से गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसकी चेतावनी जारी की है। 28 को मौसम साफ रहेगा लेकिन 29 और 30 मार्च को फिर बारिश की संभावना है। मंगलवार को भी शहर और आस-पास सुबह बादल छाए रहे। दोपहर में तेज धूप निकलने से अधिकतम तापमान करीब 1 डिग्री सेल्सिय बढ़कर 32.3 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### एलडीए ने सील किए छह निर्माणाधीन भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को चौक, अमीनाबाद, हुसैनगंज, डालीगंज व नाका क्षेत्र में अभियान चलाकर छह अवैध निर्माणाधीन बिल्डिंग सील कर दी। कार्रवाई प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करने पर की गई। प्रवर्तन जोन-6 क जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि मोहम्मद फैजान द्वारा अमीनाबाद के जंगलीगंज में लगभग 150 वर्गमीटर के भूखंड पर आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह पंकज कुमार व अन्य द्वारा डालीगंज के केसरीपुरम में 148 वर्गमीटर के भूखंड पर व्यावसायिक भवन, हुसैनगंज में कैंट रोड पर राजेन्द्र कुमार द्वारा 110 वर्गमीटर में निर्माण, इरफान द्वारा हैवलक रोड पर लगभग 80 वर्गमीटर के भूखंड पर व्यावसायिक भवन का निर्माण, सरदार रंजीत सिंह व अन्य द्वारा नाका में ऐशबाग पुल के पास सर्विस रोड पर लगभग 1000 वर्गमीटर के भूखंड पर व्यावसायिक निर्माण करने पर प्रवर्तन टीम ने सील कर दिए। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि हीना कौसर, शकील अहमद व अन्य द्वारा चौक में नादान महल रोड पर लगभग 418.21 वर्गमीटर में अनाधिकृत रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण कराने पर विहित न्यायालय के आदेश पर सील किया गया।



लालबाग में वाला कदर रोड पर डिलीवरी वैन के पास घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

# होटल-रेस्टोरेंट को आज से मिलेंगे सिलेंडर

## जिला प्रशासन ने बैठक कर तैयार किया कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति का प्लान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- उपभोग के अनुपात में की जाएगी कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति

**अमृत विचार :** लखनऊ के होटल-रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों के लिए राहत की खबर है। कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे कारोबारियों को गैस उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन और तेल कंपनियों ने प्लान तैयार किया है। जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम, जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह और तेल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में कॉमर्शियल सिलेंडर के उपभोक्ताओं को बुधवार से आपूर्ति देने के लिए प्लान तैयार किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं के उपभोग के अनुपात के आधार पर कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति देने का निर्णय लिया गया। सभी छोटे-बड़े उपभोक्ताओं को नियमानुसार कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति सुचारु रूप से देने के जिलाधिकारी ने तेल कंपनियों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। बैठक में आपूर्ति के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके अनुसार सभी कारोबारियों को कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।



घरेलू गैस सिलेंडर मिलने के बाद वृद्ध के चेहरे पर झलकती खुशी।

**सौगात** — 8,500 वर्गमीटर में विकसित पार्क प्रदेश के सबसे बड़े पार्क का मुख्य सचिव ने किया लोकार्पण

# लोहिया पार्क में बना स्केट पार्क लोगों के लिए खुला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



स्केट पार्क का लोकार्पण करते मुख्य सचिव एसपी गोयल व अध्यक्ष राजस्व परिषद अनिल कुमार समेत अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में प्रदेश का सबसे बड़ा स्केट पार्क बनाया गया है। 8,500 वर्गमीटर में विकसित इस पार्क में लॉन टेनिस, बैडमिंटन, पिकल बॉल व बॉक्स क्रिकेट भी खेल सकेंगे। सोमवार देर शाम मुख्य सचिव एसपी गोयल ने पार्क का लोकार्पण किया।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लोहिया पार्क में गेट नंबर-3 के पास लगभग 7 करोड़ से स्केट पार्क और स्पोर्ट्स एरिना विकसित किया है। इसका नाम ऑक्सीजन स्पोर्ट्स (ओ 2) रखा है। पहले यहां कृत्रिम वॉटर बॉडी बनी थी, जिसमें ग्राउंड वॉटर से जलापूर्ति होती थी। अब वहां 4,000 वर्गमीटर में स्केटिंग रिंक और लगभग 4,500 वर्गमीटर में स्पोर्ट्स एरीना बनाया गया है। इस पार्क से बच्चों व युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं मिलेंगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

लोकार्पण के बाद खिलाड़ियों ने स्केटिंग रिंक में स्केट्स व स्केटिंग बोर्ड पर अपना हुनर दिखाया। स्केटिंग रिंक की सराहना भी की। कहा कि यहां लैंडस्केप, स्लोप व कर्व्स आदि का कार्य बहुत अच्छा किया गया है। कंक्रीट वर्क में ऐसी फिनिशिंग का कार्य बहुत मुश्किल होता है। लोकार्पण के असर पर अध्यक्ष राजस्व परिषद अनिल कुमार, प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी. गुरुप्रसाद, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और जिलाधिकारी विशाख जी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्केटिंग की सुविधा और प्रशिक्षण निःशुल्क

- उपाध्यक्ष ने बताया कि स्केट पार्क एवं स्पोर्ट्स एरीना सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुलेगा। यहां स्केटिंग प्रशिक्षण के लिए प्राधिकरण की तरफ से दो कोच नियुक्त किये हैं। आम लोगों के लिए स्केटिंग निःशुल्क रहेगी। अन्य खेलों के लिए शुल्क तय होगा।



स्केट पार्क में स्केटिंग करता युवक।

# टेढ़ा जबड़ा, सूजन को न करें नजरअंदाज, हो सकता है ट्यूमर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू के राष्ट्रीय दंत शिक्षा कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ओरल पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने गंभीर और दुर्लभ बीमारियों के शुरुआती लक्षणों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी।

कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. नरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के जबड़े में लंबे समय से टेढ़ापन, सूजन या असामान्य बदलाव दिखाई दे रहे हैं, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह दुर्लभ ओडोंटोजेनिक ट्यूमर का संकेत हो सकता है, जो दांतों की कोशिकाओं से विकसित होने वाला ट्यूमर है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उचित इलाज से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. सुष्मिता सक्सेना ने दुर्लभ त्वचा रोगों के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि मुंह के अंदर या आसपास की त्वचा पर छाले, लाल चकत्ते या घाव बनते हैं और 10 से 15 दिनों में ठीक नहीं होते, तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। यह मौखिक एवं पेरिओरल क्षेत्र से जुड़ी गंभीर त्वचा बीमारी का संकेत हो सकता है। कार्यक्रम में डॉ. जीके सिंह, डॉ. शलीन चंद्रा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।

**यातायात विभाग का हाल**





सड़क पर गलत तरीके से पार्क गाड़ी को उठाने वाले नगर निगम की गाड़ी खुद ही खराब हो गई। पहले तो कर्मचारियों ने धक्का मारकर स्टार्ट करने का प्रयास किया किन्तु विफल रहने पर दूसरी गाड़ी की मदद से धक्का देकर खराब गाड़ी ले जाई गई।

## ठाकुरगंज में दो कारों की भिड़ंत दो महिलाओं समेत दस घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोनों कारें हुई क्षतिग्रस्त, दो की हालत नाजुक

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज स्थित चोरघाटी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार तड़के दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो महिलाएं समेत दस लोग घायल हो गए। दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

सआदतगंज स्थित बड़ा चौराहा निवासी हरिशंकर परिवार के अभिषेक, वीरेंद्र गुप्ता, पुष्पा देवी, श्वेता गुप्ता व सुभाष साहू के साथ कार से बरेली मनौना धाम दर्शन करने गए थे। दर्शन कर वे लोग वापस लौट रहे थे। मंगलवार तड़के करीब पांच बजे जैसे ही वे ठाकुरगंज चोर घाटी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी बालागंज की ओर से आ रही आई-20 कार से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने ईको चालक सआदतगंज पुराना चबूतरा निवासी सुभाष साहू व अन्य लोगों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जबकि आई-20 कार सवार ठाकुरगंज शेखपुर निवासी अनुभव शर्मा, वैभव शर्मा, ठाकुरगंज अमन विहार निवासी मो. सोहेल और मो. अतीक को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर है।

### सिटी ब्रीफ

## डेढ़ साल से फरार इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार



**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि 2025 में मड़ियांव थाने में मो. हलीम व उसके गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। उसके बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। आरोपी हलीम पर 15 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मड़ियांव पुलिस व क्राइम ब्रांच को लगाया गया था। मंगलवार को पुलिस टीम ने नींबू पार्क के पास से आरोपी मो. हलीम निवासी महमूदाबाद सीतापुर हालपता सज्जादगंज ठाकुरगंज को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए रिक्शा चालक बना था। आरोपी पर दहेज प्रताड़ना, चोरी व गैंगस्टर एक्ट समेत करीब आठ आपराधिक मामले मड़ियांव, महानगर, गुडंबा, जानकीपुरम, दुबग्गा व रामनगर बाराबंकी में दर्ज हैं।

## जमीन बेचने वाला जालसाज गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** जाली दस्तावेज बनाकर जमीन को अपना बताकर बेचने वाले गिरोह के एक आरोपी को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी करीब डेढ़ साल से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि 10 अक्टूबर 2024 को डाक के माध्यम से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें पीड़ित विकास चंद्र जैन ने आरोप लगाया गया था कि कुछ लोगों ने जमीन के जाली दस्तावेज बनाए। उसके बाद मालिक बनकर जमीन को बेच दिया। मामले में पुलिस ने ज्ञान सिंह व अन्य के खिलाफ जाली दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जांच शुरु की तो सैरपुर के मुबारकपुर निवासी डेयरी संचालक धीरेंद्र कुमार उर्फ पंकज यादव का नाम सामने आया। पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपी धीरेंद्र को उसके घर के बाहर से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया वह साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करता था और खुद को जमीन का असली मालिक बताकर उसे बेच देता था। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपित के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## जाली दस्तावेज पर लोन लेने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फाइनेंस कंपनी से लोन लेने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब डेढ़ साल से धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर मडियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि 19 अक्टूबर 2024 को गोमतीनगर के विशालखंड निवासी हीरो हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने संजय श्रीवास्तव व अन्य के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। छानबीन के दौरान आरोपी अरविंद कुमार वर्मा का नाम सामने आया। जांच के दौरान पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को बाराबंकी के लोनीकटरा से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, बंधक बनाकर लूट समेत तीन मामले चिनहट व बाराबंकी में दर्ज हैं। पुलिस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलटा, एक की मौत

### आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, चालक ट्रक छोड़कर फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार:** पारा थाना क्षेत्र स्थित आगरा एक्सप्रेस-वे जीरो प्वाइंट के पास सोमवार देर रात ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। हादसे के बाद वहां चीखपुकार मच गयी। राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां एक घायल को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मूल रूप से बिहार के सहरसा निवासी बबलू (30) पेंटर था। परिवार में पत्नी अनीता और तीन बच्चे हैं। घरवालों ने बताया कि बबलू कुछ सामान खरीदने दिल्ली गया था। वहां से वापस आते वक्त वह ट्रक में बैठ गया। सोमवार देर रात ट्रक आगरा एक्सप्रेस-वे हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास पहुंचा। इसी दौरान ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला।

घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। राहगीरों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक में फंसे दो लोगों को राहगीरों की मदद से बाहर निकाला। गंभीर हालत में दोनों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत गंभीर होने पर भर्ती कर लिया। पुलिस ने तलाशी ली तो जेब में मिले आधार कार्ड और मोबाइल से परिजन को घटना की जानकारी दी। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवारवालों को सौंप दिया। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से घिसटा शटरिंग कारीगर, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क पार करते वक्त हुआ हादसा
- ठाकुरगंज स्थित रिंग रोड पुलिस चौकी के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज स्थित रिंग रोड पुलिस चौकी के पास सोमवार रात सड़क पार कर रहे शटरिंग कारीगर को बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कारीगर करीब डेढ़ सौ मीटर दूर तक घिसटता हुआ चला गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

ठाकुरगंज न्यू हैदरगंज रिंग रोड निवासी सनी राजपूत (26) शटरिंग कारीगर था। सोमवार रात करीब 11 बजे वह रिंग रोड पुलिस चौकी के सामने सड़क पार कर रहा था। इस दौरान बेकाबू ट्रक ने सनी को टक्कर मार दी। हादसे में सनी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों को आता देख चालक ट्रक लेकर भाग निकला। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सनी ने दम तोड़ दिया। जेब की तलाशी के दौरान पुलिस को आधार कार्ड मिला।

पुलिस ने आधार कार्ड पर लिखे पते पर पहुंचकर परिजन को घटना की जानकारी दी। सनी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश की जाएगी।

## ट्रेन के आगे कूदकर सेल्समैन ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज इलाके में मंगलवार देर रात एक युवक ने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक साड़ी के शोरूम में काम करता था। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। मूल रूप से रानीगंज नाका हिंडोला निवासी अजीत तिवारी उर्फ अज्जू (32) पारा के बुद्धेश्वर में रहता था। मंगलवार रात करीब 10 बजे ठाकुरगंज में अजीत ट्रेन के सामने कूद गया। परिवार में भाई आशीष तिवारी, पत्नी सौम्या तिवारी, बेटी श्री तिवारी (6) और माता नीता तिवारी हैं। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पत्नी से झगड़ युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नहीं मिला सुसाइड नोट, कैंट इलाके की घटना
- आलमबाग में युवक ने फंदा लगाकर की जान

**अमृत विचार:** आलमबाग के दुर्गापुरी इलाके में मंगलवार को युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन का कहना है कि युवक मानसिक रूप से बीमार था। वहीं, कैंट इलाके में पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह परिजन ने शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

आलमबाग के दुर्गापुरी ब्लंट स्क्वायर में रहने वाला सचिन गौतम (27) मजदूर था। परिवार में मां सुनीता और बड़ा भाई सुजीत है। मां सुनीता मंगलवार को बड़े बेटे के बच्चों को स्कूल लेने गई थी। वापस घर लौटी तो उसने देखा कि सचिन फंदे से लटका हुआ था। चीखपुकार सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े। बड़े भाई ने बताया कि सचिन गौतम मानसिक रूप से बीमार था। उसका इलाज भी चल रहा था। सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पप्पू

कैंट के थिमैया मार्ग स्थित सर्वेंट क्वार्टर निवासी पप्पू ठाकुर (32) ट्रांसपोर्ट नगर में प्राइवेट काम करता था। परिवार में पत्नी अंजली और दो बच्चे हैं। साले आदित्य ने बताया कि जीजा पप्पू का अक्सर पत्नी अंजली से विवाद होता था। सोमवार रात भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद पप्पू अपने कमरे में चला गया और अंदर से कुंडी लगा ली। पत्नी और दोनों बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सो गई। मंगलवार सुबह पत्नी बुलाने गई तो दरवाजा नहीं खुला। इस पर उसने परिजन को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे घरवालों ने दरवाजा तोड़ा। भीतर गए तो पप्पू को पंखे में बंधी साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। परिजन ने आनन-फानन में पप्पू को फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले आए। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था।

## शार्ट सर्किट से किराना दुकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वजीरगंज स्थित सिटी स्टेशन के पास मंगलवार सुबह शॉर्ट सर्किट से एक किराना की दुकान में आग लग गई। आग की लपटे देख लोगों ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही चौक फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। उससे पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने से पूरी दुकान जल गई।



आग लगने से उठता धुआं व मौके पर लोगों की भीड़। अमृत विचार

सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि मंगलवार सुबह कंट्रोल रूम पर किराना की दुकान में आग लगने की सूचना आई थी। आग की सूचना पर चौक फायर स्टेशन से दो दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ी से पहुंचने से पहले ही क्षेत्रीय लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। आग से किराने की पूरी दुकान जलकर खाक हो गई। दुकान से धुआं निकलता देखकर फायर कर्मियों ने पानी डालकर आग बुझाई।

## पार्सल पर टैक्स के नाम पर महिला से ठगे 3.64 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** हजरतगंज क्षेत्र में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। जालसाजों ने पार्सल पर टैक्स जमा कराने का झांसा देकर उससे 3.64 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता की तहरीर पर हजरतगंज कोतवाली में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

लालबाग बेलदारी निवासी अनीता कश्यप के अनुसार 3 मार्च को व्हाट्सएप कॉल के जरिए एक अज्ञात व्यक्ति ने संपर्क कर बताया कि उनके नाम पार्सल आया है, जिस पर टैक्स जमा करना होगा। इंकार करने पर आरोपी ने जेल भेजने की धमकी दी। डर के कारण महिला ने पहले 13,500 और फिर 25,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद जालसाज लगातार कॉल कर अलग-अलग किस्तों में रुपये मांगता रहा। भयवश महिला ने 24 घंटे के भीतर कुल 3,64,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब और पैसे मांगे गए तो पीड़िता ने पति को जानकारी दी। ठगी का एहसास होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की गई। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक साइबर सेल की मदद से जांच जारी है।

## हुक्का बार के मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैफे की आड़ में चल रहा था धंधा, संचालक फरार, कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कैसरबाग स्थित एसके कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर मैनेजर समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से 8 हुक्के, चिलम, पाइप, अमेरिकन व जाफरान फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस हुक्का बार के संचालक की तलाश कर रही है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिनों से डॉल्फिन होटल के नीचे एसके कैफे में चल रहे हुक्का बार की सूचना मिल रही थी। 22 मार्च की देर रात सूचना पर उपनिरीक्षक रामकेश सिंह पुलिस टीम को लेकर वहां पहुंची। कैफे के हॉल में धुआं फैला और टेबल पर हुक्के रखे थे। पुलिस को देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। इसी दौरान एक युवक भागने में सफल हो गया, जबकि तीन लोगों को पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया।

पूछताछ में तीनों ने अपना नाम शुभम सिंह उर्फ राघव सिंह निवासी बेलदारी लेन हजरतगंज, यश सोनकर उर्फ लक्ष्य निवासी दीनदयाल नगर खदरा हसनगंज, सुहैल खान निवासी ख्यालीगंज कैसरबाग बताया। आरोपियों ने कबूला कि कैफे के मालिक आशियाना निवासी तनवीर हैं। जो आपको देखकर भाग निकले। पकड़े गए तीनों आरोपी वहीं पर हुक्का परोसने का काम करते हैं।

इंस्पेक्टर अजय नारायण मिश्र ने बताया कि आरोपी शुभम हुक्का बार में मैनेजर है। पुलिस ने मौके से 8 हुक्के, चिलम, पाइप, चार पैकेट अमेरिकन फ्लेवर्ड तंबाकू, एक पैकेट जाफरान फ्लेवर्ड तंबाकू व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी मैनेजर से लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। उपनिरीक्षक रामकेश सिंह ने चारों आरोपियों के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि 18 से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद की बिक्री करना मना है। इस नियम की अनदेखी एसके कैफे में की जा रही थी।

## घर के सामने शराब पीने से टोका तो मां-बेटी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सआदतगंज के बावली इलाके में घर के सामने शराब पीकर गाली-गलौज करने से टोकने पर दबंगों ने मां-बेटी से मारपीट कर दी। विरोध करने पर महिला को धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह चोटिल हो गई। देर रात आरोपी असलहों व रॉड के साथ घर के बाहर आकर ललकारते हुए धमकी देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता मुस्कान गौतम के अनुसार 21 मार्च की रात वह घर के बाहर थी, तभी पड़ोसी पंकज यादव, विशाल यादव, रितिक रावत, अक्षय सोनकर और शुभम विश्वकर्मा उर्फ मेढक शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। टोकने पर आरोपियों ने अभद्रता शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी मां बाहर आईं तो आरोपियों ने उन्हें धक्का दे दिया। पीड़िता का आरोप है कि देर रात आरोपी हथियार लेकर आए और जातिसूचक गालियां देते हुए धमकाया। 23 मार्च को विशाल की मां प्रेमवती और बहन कामनी ने भी शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

**पड़ताल** | जीएसटी विभाग ने एसआईटी को दिए दस्तावेज, एसटीएफ खंगाल रही गिरोह की कुंडली

# एसआईटी करेगी अरबों की जीएसटी चोरी की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुंबई, गुजरात, अहमदाबाद, दिल्ली, पुणे और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में फैला नेटवर्क

**अमृत विचार:** बोगस फर्मों के पंजीकरण कराकर अरबों रुपये की जीएसटी चोरी के मामले में एसटीएफ ने पुणे से मास्टर माइंड केशवानी अब्बास हुसैन रमजान अली को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच अब एसआईटी करेगी। एसआईटी का गठन शासन के निर्देश पर किया गया है। सहायक आयुक्त राज्यकर गौरव कुमार राजपूत ने जांच से जुड़े सभी दस्तावेज व जानकारी एसआईटी को दे दिया है। उधर, एसटीएफ की टीम गिरोह की कुंडली खंगालने में जुटी है।

एसटीएफ को मास्टरमाइंड केशवानी अब्बास हुसैन से पूछताछ में कई जानकारियां मिली हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इंदिरानगर थाने में फर्जी फर्म आराध्या इंटरप्राइजेज के नाम से 8.71 करोड़ रुपये कि जीएसटी चोरी की गई थी। यह चोरी केशवानी अब्बास हुसैन और उसके गिरोह के द्वारा की गई थी। रविवार को इस मामले में केशवानी अब्बास को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस फर्म में उसने अहमदाबाद गुजरात के रहने वाले व्यवसायी नवीन चंद्र केशवलाल सोलंकी के नाम के दस्तावेजों का प्रयोग कर फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। सहायक आयुक्त राज्य कर गौरव राजपूत के मुताबिक उन्होंने केस से संबंधित फर्म के दाखिल रिटर्न्स, ई-वे बिल डेटा, लॉगिन आईडी एवं रिटर्न भरने में प्रयुक्त किए गए आईपी एड्रेस, फोन नंबर, वित्तीय लेन-देन के साक्ष्य एसआईटी को उपलब्ध करा दिए हैं। तफ्तीश में यह भी पता चला है कि गिरोह ने मुंबई, गुजरात, अहमदाबाद, दिल्ली, पुणे और उत्तर प्रदेश समेत कई अन्य शहरों में नेटवर्क फैला रखा था। गिरोह के लोगों ने इन शहरों में फर्जी कंपनियां बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी की। एसटीएफ ने अब तक कई गिरोहों का खुलासा किया है।

### दो सीजीएसटी अधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) लखनऊ ने जांच के बाद सीजीएसटी के दो अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। सीबीआई की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रानू चौधरी की ओर से 23 मार्च को दी गई शिकायत के आधार पर अजय शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि उन्होंने अपने और परिवार के नाम पर करीब 4.40 करोड़ रुपये की संपति अर्जित की, जबकि वैध आय 1.10 करोड़ रुपये और व्यय लगभग 24.62 लाख रुपये था। इस प्रकार करीब 3.53 करोड़ रुपये की संपति आय से अधिक पाई गई। मामले की जांच डिप्टी एसपी सभाजीत चौहान को सौंपी गई है। इसी तरह अनिल कुमार तिवारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। जांच में पाया गया कि उन्होंने करीब 1.45 करोड़ रुपये की संपति अर्जित की, जबकि वैध आय 57.95 लाख रुपये और व्यय 23.04 लाख रुपये था। उनके पास करीब 1.10 करोड़ रुपये की संपत्ति आय से अधिक पाई गई। मामले की जांच डिप्टी एसपी आशीष कुमार सिंह कर रहे हैं।

## चेन लुटेरा केयर टेकर गिरफ्तार

संवाददाता, गोसाईंगंज

- लूटी गयी एक चेन बरामद आरोपी गया जेल

**अमृत विचार:** शाहखर्ची के लिए लूलू मॉल के सामने महिला की चेन लूटने वाले बदमाश को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि 27 फरवरी को अवध बिहार योजना के नंदनी एंकलेव निवासी रचना अवस्थी ने चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पीड़िता ने बताया कि वॉक के दौरान लूलू मॉल के सामने बदमाश चेन लूटकर भाग निकला। पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो लुटेरे की करतूत कैद मिली। इंस्पेक्टर ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि एक बदमाश इस्कॉन मंदिर की ओर आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से लूटी गयी चेन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरुण कश्यप निवासी कनौजिया कालोनी नियर एलआरपी चौराहा सदर कोतवाली लखीमपुर खीरी हालपता टेढ़ी पुलिया जगरानी हास्पिटल गुडंबा बताया। पूछताछ में आरोपी ने 27 फरवरी को लूलू मॉल के सामने महिला की चेन लूटने की बात कबूल की। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी केयर टेकर की नौकरी करता है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

सिटी ब्रीफ



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## लक्ष्मी सिंह को मिला डॉ. दरबारी स्मृति सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को गोमतीनगर विवेक खंड स्थित टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम जय हो का प्रदर्शन वरिष्ठ नृत्य निर्देशक रत्ना अस्थाना के निर्देशन में किया गया। इसमें विभिन्न प्रेरक गीतों पर मनभावन प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। इस अवसर पर प्राइवेट विद्यालय, महाविद्यालय प्रबंधक, शिक्षक एवं अभिभावक एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक महादेव प्रसाद यादव एवं टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य लक्ष्मी सिंह को डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति सम्मान के तहत स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।सुभाष वाजपेई के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. दरबारी लाल अस्थाना के पुत्र वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना का जन्म 24 जुलाई 1905 को आगरा में हुआ था। प्रखर प्रवक्ता, क्रान्तिकारी समाज सुधारक और संगठनकर्ता रहे डॉ. दरबारी लाल अस्थाना का स्वर्गवास 3 मार्च 1985 को लगभग 80 वर्ष की आयु में हो गया था।

## काला दिवस मनाने का आह्वान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के महासचिव शशि कुमार मिश्र ने कर्मचारियों से 25 मार्च को काला दिवस मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 से प्रस्तावित 8वें वेतन आयोग और 25 मार्च 2025 को जारी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण व सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली सुविधाओं का उल्लेख न होने के विरोध में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में राज्य, निकाय, निगम, स्वास्थ्य सेवाओं, कलेक्ट्रेट, परिवहन, विश्वविद्यालय और शिक्षकों समेत सभी वर्गों के सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारी इस दिन विरोध प्रदर्शन करेंगे। लखनऊ में कार्यक्रम के तहत सभी कर्मचारी सुबह 11 बजे अपने-अपने कार्यालयों पर एकत्र होंगे और दोपहर 12 बजे जुलूस के रूप में बीएन सिंह कर्मचारी प्रेरणा स्थल पहुंचेंगे।

# गाडगे प्रेक्षागृह में जीवंत हुआ दशरथ मांझी का संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

नाटक

**अमृत विचारः** दो दिवसीय राज्य नाट्य समारोह के पहले दिन मंगलवार को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक मांझी रे का मंचन किया गया। बिहार की सच्ची घटना पर आधारित इस नाटक में महज प्रेम और दृढ़ संकल्प के बल पर मानव से महामानव बनने की प्रेरक घटना प्रस्तुत की गई।

दो दिवसीय राज्य नाट्य समारोह उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा बिहार के दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सहयोग से 24 व 25 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। समारोह की पहली संध्या पर एमओयू के अंतर्गत पंचम प्रकाश के लिखे नाटक मांझी रे का मंचन सागर सिंह के निर्देशन में किया गया। दरभंगा के कामेश्वर नगर स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग की ओर से मंचित इस नाटक ने यह संदेश दिया कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। सच्ची घटना पर आधारित इस नाटक के नायक माउंटेन मैन नाम से मशहूर दशरथ मांझी ने विश्व को इंसानियत, अदम्य साहस, प्रेम, संघर्ष और दृढ़ निश्चय का संदेश दिया।

नाटक मांझी रे के नायक बिहार के गया जिले के गहलौर गांव में रहने वाले जुझारू दशरथ मांझी हैं। बेहद गरीब मजदूर जो पत्थर तोड़ने का काम करता है। कहानी में एक दुःखद मोड़ तब आता है जब फगुनिया पहाड़ पार करते समय गिर जाती हैं और गंभीर रूप से घायल हो जाती हैं। अस्पताल दूर होने के कारण उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल पाता और उनकी मृत्यु हो जाती है। यह घटना दशरथ मांझी के जीवन को पूरी तरह बदल देती है।

ऐसे में दशरथ मांझी एक दृढ़ संकल्प लेते हैं कि वह इस पहाड़ को काटकर एक आम रास्ता बनाएंगे ताकि भविष्य में किसी और को ऐसी पीड़ा न सहनी पड़े। गांव के लोग शुरू में उनके इस निर्णय का मज़ाक उड़ाते हैं और उन्हें पागल कहते हैं, लेकिन दशरथ मांझी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटते हैं। नाटक में उनके संघर्ष को बहुत मार्मिक ढंग से दिखाया गया। कई वर्षों तक लगातार मेहनत करते हुए वह अकेले ही पहाड़ को काटकर रास्ता बनाते हैं।मंच पर दशरथ मांझी का केन्द्रीय किरदार रौशन कुमार दास और उनकी पत्नी फल्गुनिया का किरदार प्राची कुमारी ने जीवंत किया। अन्य कलाकारों में मोहन कुमार, मिथिलेश कुमार, दिव्या कुमारी, अर्जुन कुमार राय, चंदन कुमार, हुकुमदेव यादव, नीरज कुमार पाण्डेय, विजय कुमार पासवान ने भी प्रभावी अभिनय किया।समारोह के दूसरे दिन 25 मार्च को कानपुर की नाट्य संस्था अनुभूति नाट्य इकाई द्वारा नाटक दिल की दुकान का मंचन रतन सिंह राठौर के निर्देशन में किया जाएगा।



गोमती नगर क्षेत्र के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटय मांझी रे का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## कुलसचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में कार्यरत फिजियोथेरेपिस्टों की पदोन्नति और अन्य समस्याओं को लेकर प्रोविन्शियल फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव अर्चना गहरवार से शिष्टाचार भेंट कर विस्तृत चर्चा की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्रा के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने फिजियोथेरेपिस्ट संवर्ग की पदोन्नति से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि केजीएमयू में 30 मई 2022 को कैडर पुनर्गठन किया गया था, जिसके बाद 2 नवंबर 2023 को पदोन्नतियां दी गईं। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष डॉ. मन्सूर अहमद खान, उपाध्यक्ष डॉ. तेजवीर सिंह, डॉ. केके चौधरी, डॉ. फैज अहमद, डॉ. प्रणय सिंह, डॉ. श्रद्धा और डॉ. विशाल शामिल रहे।



लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट पर सूर्यदेव की पूजा करती महिलाएं व अन्य भक्त। अमृत विचार

# सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी सुख-समृद्धि

## लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट पर मंगलवार को चैती छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने किया। शाम करीब 4 बजे से व्रती महिलाएं व श्रद्धालु छठ घाट पर एकत्र हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाम 6 बजे भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सभी ने सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर व्रतियों द्वारा घरों में कोसी भरने की परंपरा भी निभाई गई। आयोजन में समाज के संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर छठ घाट पर पूजा कर लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखा। बुधवार की सुबह 5:30 बजे उदयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा। इसके बाद प्रसाद वितरण होगा और महिलाएं एक-दूसरे को लंबा सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती होने की शुभकामनाएं देंगी। प्रभुनाथ राय ने बताया कि यह आयोजन पिछले 42 वर्षों से निरंतर रूप में किया जा रहा है, जो सामाजिक एकता और आस्था का प्रतीक बन चुका है।



गोमती तट पर डूबते सूर्य की पूजा करते भक्त। अमृत विचार

# नवरात्र के छठे दिन की मां कात्यायनी की आराधना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की गई। श्री बड़ी काली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। शाम को आरती के समय श्रद्धालुओं ने मां की महिमा का गुणगान किया। विवेकानंद गिरी बाबा ने मां कात्यायनी को शक्ति, साहस और धर्म की प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि मां का यह स्वरूप भक्तों के जीवन से बाधाओं को दूर कर सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करता है। उन्होंने सच्ची श्रद्धा से उपासना करने का संदेश दिया। मंदिर प्रबंधक देवराज सिंह ने बताया कि नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया कि आयोजन में कई सेवादार सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।



श्री बड़ी काली मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए लगीं भक्तों की कतारें।

### अष्टमी 26 और नवमी 27 मार्च को

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** चैत्र नवरात्र में इस बार महाअष्टमी और महानवमी तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि उदयातिथि अष्टमी पूजन 26 और नवमी पूजन 27 मार्च को होगा। पंचांग के अनुसार अष्टमी 25 मार्च को दोपहर 1:50 बजे से 26 मार्च सुबह 11:48 बजे तक रहेगी। नवमी तिथि 26 मार्च सुबह 11:49 बजे से 27 मार्च सुबह 10:08 बजे तक रहेगी। अष्टमी और नवमी दोनों ही तिथियों में कन्या पूजन का विधान है। 2 से 10 वर्ष तक की नौ कन्याओं को देवी के नौ स्वरूप मानकर और एक लांगुरिया को भोजन कराकर दक्षिणा दी जाती है। व्रत के समापन पर हवन का विशेष महत्व है। अग्नि के माध्यम से देवी को भोग अर्पित किया जाता है। 27 मार्च को ही राम नवमी भी है। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र की नवमी को मध्याह्न काल में अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम का जन्म हुआ था।

### छोटी काली जी का मंदिर आस्था और विरासत का संगम

■ **अमृत विचार,चौक :** छोटी काली जी मंदिर धार्मिक आस्था के साथ शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी संजोए है। करीब 400 वर्ष पुराना ये मंदिर मंदिर चौक क्षेत्र में जैन मंदिर के सामने वाली गली के अंतिम छोर पर है। बताते हैं कि उस आसपास बने अन्य काली मंदिरों में ये मंदिर आकार में छोटा था, इसलिए छोटी काली जी नाम पड़ा था। मंदिर में स्थापित मां काली की प्रतिमा परिसर में स्थित प्राचीन कुएं से प्राप्त हुई थी। मंदिर में श्रीराम दरबार, राधाकृष्ण, शिव और गणेश जी सहित कई देवी-देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित हैं। पुजारी जगमोहन ने बताया कि नवरात्र को लखनऊ के अलावा आसपास के जिलों से भी हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर परिसर में विशाल मेला भी लगता है। जिसमें कपड़े, कृत्रिम आभूषण, श्रृंगार सामग्री और बच्चों के खिलौनों की दुकानें सजती हैं।

## बाराबंकी-अयोध्या रूट पर डायवर्जन

**अमृत विचार, लखनऊः** चैत्र रामनवमी के चलते लखनऊ से गुजरने वाले कई मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन त्यागी ने बताया कि डायवर्जन 24 से 27 मार्च के बीच मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि बड़े वाहन लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर प्रतिबंधित रहेंगे। यातायात से संबंधित समस्या आने पर कंट्रोल रूम नंबर 94544405155 पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार सीतापुर रोड से आने वाली बसें, बड़े-भारी वाहन बाराबंकी-अयोध्या की तरफ नहीं जा सकेंगे। ये वाहन इन्दौराबाग किसानपथ अंडरपास (सीतापुर रोड) से किसान पथ होते हुए सुलतानपुर रोड(चांदसराय) से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जा सकेंगे। सीतापुर रोड से आने वाली बसें, बड़े, भारी वाहनों को बाराबंकी-अयोध्या की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन बाजपुर किसानपथ अंडरपास (हरदोई रोड) से किसान पथ होते हुए सुलतानपुर रोड (चांदसराय) से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जा सकेंगे।




कथक की प्रस्तुति देतीं डॉ. मनीषा मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

### कथक संध्या में मनीषा मिश्रा ने किया नृत्य

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** बिरजू महाराज कथक संस्थान की मासिक कथक संध्या में राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में मंगलवार को डॉ. मनीषा मिश्रा ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। शुरुआत बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। नृत्यांगना डॉ. मनीषा मिश्रा ने भावपूर्ण कथक नृत्य प्रस्तुत किया। साथी नृत्यांगनाओं के साथ अपने नृत्य की शुरुआत उन्होंने ॐ नमः शिवाय पंचाक्षरी महामंत्र पर आधारित नृत्य से की। इसमें भगवान शिव के विभिन्न रूपों का प्रभावशाली चित्रण किया गया। उन्होंने शुद्ध पारंपरिक कथक शैली में 16 मात्रा (तीन ताल) पर आधारित प्रस्तुति दी। जिसमें थाट, आमद, परन, तोड़े, टुकड़े और जुगलबन्दी का दर्शनीय प्रदर्शन किया। उनकी लयकारी एवं नृत्य-कौशल ने दर्शकों को प्रभावित किया। अंतिम प्रस्तुति दादरा की रही, जिसके बोल थे :- डगर बिच कैसे चलूं, पग रोके कन्हैया... । संस्थान की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर एवं उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी भी मौजूद रहीं।

सिटी डायरी



कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करती प्रतिभागी बालक।

### अब बोलेगा इंडिया डांस पे चांस सीजन-3 में दिखी प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीकाक हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम अब बोलेगा इंडिया डांस पे चांस सीजन-3 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने नृत्य और संगीत में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। सलमान कुरैशी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में शारीरिक रूप से विकलांग कोरियोग्राफर वैभव घुगे ने अपनी प्रतिभा से यह साबित किया कि प्रगति की राह को विकलांगता भी रोक नहीं सकती है। कलाकारों ने नृत्य और गायन की अपनी प्रस्तुतियों से यह बताया कि आत्मविश्वास हो तो शारीरिक और सामाजिक बाधाओं को पीछे छोड़ा जा सकता है।



कार्यक्रम में शामिल मेडिकल विद्यार्थी और विशेषज्ञ ।

### आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली सिखाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के मेडिकल एजुकेशन यूनिट की ओर से मंगलवार को ब्लूप्रिंटिंग : मेडिकल शिक्षा में मूल्यांकन की गुणवत्ता बढ़ाना'' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान संवाद सत्र, समूह गतिविधियों और चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली की बारीकियों से अवगत कराया गया। केजीएमयू में मेडिकल एजुकेशन यूनिट की प्रमुख डॉ. अमिता पांडेय ने ब्लूप्रिंटिंग की अवधारणा को समझाया। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. विभा गंगवार , डॉ. ज्योत्सना अग्रवाल, डॉ. ऋतु करौली, डॉ. नवबीर पासरीचा, डॉ. प्रियंका राय समेत विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के शिक्षकों ने भाग लिया।



कार्यक्रम संगठन की अध्यक्ष श्रुति गुप्ता व अन्य।

### 95 कर्मियों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 95 महिला कर्मियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अध्यक्षा श्रुति गुप्ता ने स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किए। महिला कर्मियों को स्टेशन पर लगी हेरिटेज प्रदर्शनी का भ्रमण भी कराया गया। उधर, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से ऐशबाग रेलवे पॉलीक्लीनिक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत जागरूक किया गया ।अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ दीक्षा चौधरी ने क्षय रोग के लक्षणों और उपचार की जानकारी दी।



होली-ईद मिलन समारोह में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक, एमएलसी और व्यापारी।

### होली-ईद मिलन दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रतन सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को होली-ईद मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष वेद रतन सिंह, विधायक बख्शी का तालाब योगेश शुक्ला, एमएलसी पवन सिंह, प्रवीण मणि त्रिपाठी, राम तिवारी, प्रवीण सिंह आदि रहे।

आयोजन

## ऐशबाग रामलीला मैदान में चैती महोत्सव के तहत हुआ श्रीकृष्ण लीला का मंचन

# कंस वध के बाद जेल से रिहा हुए देवकी और वासुदेव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव में मंगलवार को कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति बीटस भजन जैमिन विद प्रतीक शर्मा ने गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित गणेश वंदना गाइये गणपति जग वंदन... से की। इसके बाद संगीतमय हनुमान चालीसा और बृज के भजनों को फ्यूजन गिटार और बीट बॉक्स के संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। प्रतीक शर्मा की आवाज में भजनों को आर्यन ने फ्यूजन गिटार और दिनेश्वर ने बीट बॉक्स के संगीत से सजाया।

सैय्यद शमशुर रहमान नवेद द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। तबले पर पंडित विकास मिश्रा, बांसुरी पर अल्का ठाकुर व सरोद पर श्रीहृदय ने नृत्य नाटिका को संगीत से सजाया। इस नृत्य नाटिका में अनुष्का प्रकाश, आर्यका श्रीवास्तव, पंकज पांडेय, अभिलाषा सिंह, अनुष्का श्रीवास्तव, आकृति भारद्वाज, शैली मौर्या, दिया चंद्रा ने अपने नृत्य कला के कौशल से सजाया। चैती महोत्सव की मुख्य आकर्षण कृष्णलीला को भास्कर नृत्य कला केंद्र कोलकाता के कालकारों ने प्रस्तुत किया। कृष्णलीला में कंस वध के उपरांत देवकी और वसुदेव को कारागार से मुक्त कराने के बाद विस्थापित राजा उग्रसेन का पुनः राज्याभिषेक किया गया। इसके बाद नंद बाबा की मथुरा से विदाई का दृश्य देखकर दर्शकों की आंख नम हो गई। कृष्ण और बलराम को शिक्षा ग्रहण करने के लिए संदीपन ऋषि के आश्रम में भेजा जाता है, जहां कन्हैया अपने भाई बलराम और मित्र सुदामा के साथ गुरु संदीपन से मात्र 64 दिनों में 64 कलाओं, 14 विद्याओं, 4 वेदों और 18 पुराणों का ज्ञान प्राप्त किया। इसके बाद मगध के अत्याचारी, क्रूर और बेहद शक्तिशाली राजा जरासंध जिसने 86 राजाओं को बंदी बना रखा था और 100 राजाओं की बलि देकर चक्रवर्ती सम्राट बनना चाहता था, वह कृष्ण से भी युद्ध लड़ने जाता है जहां कृष्ण उसे अपमानित कर देते हैं। कृष्ण के परम मित्र व चचेरे भाई उद्धव को अपने भक्ति ज्ञान का घमंड था। कृष्ण ने उद्धव के ज्ञान के अहंकार को दूर करने के लिए उन्हें गोपियों के पास वृंदावन भेज दिया। जहां उद्धव का गोपियों के साथ शास्त्रार्थ होता है, गांव की गोपियों के निस्वार्थ प्रेम के आगे नतमस्तक होकर उद्धव ज्ञान पर भक्ति की सर्वोच्चता को स्वीकार करते हैं। रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचंद्र अग्रवाल ने बताया की बुधवार को कृष्णलीला में कृष्ण द्वारा द्वारिका नगरी का निर्माण, जरासंध का मथुरा का राजा बनना, कृष्ण का राज्याभिषेक, कृष्ण दूत का संधि पत्र लेकर हस्तिनापुर जाना और रुकमिणी विवाह की लीलाओं का मंचन किया जाएगा।



चैती महोत्सव में श्रीकृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### इस्लामिया महाविद्यालय में एनएसएस कैंप शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीरूद्दौला इस्लामिया महाविद्यालय में एनएसएस कैंप का प्रारंभ किया गया। सात दिवसीय शिविर कैंप का शुभारम्भ पार्षद अमित चौधरी ने किया। प्राचार्य डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी ने बताया कि महाविद्यालय में शिविर 30 मार्च तक सात दिवसीय आयोजित किया गया है। इसमें लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है शिविर में विभिन्न एनजीओ व संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साजिद, कार्यक्रम संयोजिका तबस्सुम खान, जमशेद अली, डॉ. दिव्या प्रजापति, अख्तर सईद, शमीम अहमद, डॉ. मनीष टोडारिया, संतोष अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

### शिया महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया पीजी कॉलेज में सत्र 2026-27 में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म मिलना प्रारम्भ हो गये हैं। अभ्यर्थी प्रवेश के लिए आवेदन पत्र प्राचार्य कार्यालय स्थित कैशियर काउंटर से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल व महाविद्यालय की वेबसाइट पर आनलाइन माध्यम से आवेदन करने की सुविधा लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ करने पर प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी के लिये ई-मेल आईडी व हेल्पलाइन नम्बर-8090033896, 7800220192 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### अवधी संरक्षण पर भाषा विवि में संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी : संरक्षण, संवर्धन एवं भविष्य विषय पर पांच दिवसीय संगोष्ठी आज से प्रांरभ हो रहा है। यह संगोष्ठी अवध भारतीय संस्थान, भारतीय भाषा डेटा संकाय, भारतीय भाषा संस्थान मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। कार्यक्रम के आयोजक एवं संयोजक अवध भारतीय संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर मिश्र हैं।

# ऋग्वैदिक काल से शुरू हुई मुद्रा और विनिमय प्रणाली

## समाज की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दशा बताते हैं सिक्के, शेरशाह सूरी ने शुरू किया था रुपये का प्रचलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिक्के समाज की वास्तविक स्थिति को दर्शाते हैं। किसी भी कालखंड की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दशा और दिशा को सिक्कों के माध्यम से समझा जा सकता है। नेशनल पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग में आयोजित कार्यक्रम में इतिहासकारों ने यह बात कही। "सिक्कों के माध्यम से इतिहास का अध्ययन: भारतीय उपमहाद्वीप से मुद्राशास्त्रीय साक्ष्य" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशांत श्रीवास्तव ने प्राचीन से मध्यकालीन काल तक के सिक्कों की विस्तृत जानकारी दी।



नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में इतिहास के विद्यार्थी। अमृत विचार

व्याख्यान की शुरुआत मुद्रा प्रणाली की उत्पत्ति से हुई, जिसमें ऋग्वेद के संदर्भ में विनिमय प्रणाली का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि मुद्रा वह होती है जिसमें मानकीकृत वजन, आकार, आकृति, किसी मान्यता प्राप्त प्राधिकरण द्वारा निर्गमन, तथा प्रामाणिकता और धातु की गुणवत्ता की गारंटी देने वाले चिह्न होते हैं। सिक्के इतिहास के पुनर्लेखन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। "काचा" नाम वाले स्वर्ण सिक्कों की खोज ने इम्पीरियल गुप्तों के प्रारंभिक इतिहास को पुनर्परिभाषित करने में मदद की। इसी प्रकार सिक्कों के आधार पर यूक्रेटिडीज़ और हेलिओक्लीज़ के संबंध को नए सिरे से समझा गया और रामगुप्त की ऐतिहासिकता को भी प्रमाण मिला।

**वंशावली, उपाधि और सैन्य विजय की जानकारी देते हैं सिक्के**

सिक्के वंशावली, राजकीय उपाधियों और पारिवारिक संबंधों की जानकारी भी देते हैं। विजयसेंन के सिक्कों से ज्ञात होता है कि वे महाक्षत्रप दामसेन के पुत्र थे, जिससे कालक्रम निर्धारण संभव होता है। सिक्कों के माध्यम से शासन क्षेत्र की सीमाओं का भी पता चलता है, विशेषकर तांबे के सिक्कों के प्रसार से। उदाहरण के तौर पर एंटियल्किडास के संदर्भ में तक्षशिला को राजधानी के रूप में जाना गया। सिक्के सैन्य विजय और राजनीतिक शक्ति के भी साक्ष्य हैं। समुद्रगुप्त के सिक्कों में उन्हें बाघ और दरियाई घोड़े का वध करते हुए दर्शाया गया है, जो मध्य भारत और कामरूप (वर्तमान असम) पर उनकी विजय को प्रदर्शित करता है।

### सिक्कों पर लक्ष्मी का अंकन

- जब अर्थव्यवस्था कमजोर होती थी, तब राज्य स्वर्ण और रजत की शुद्धता में कमी करता था। शेरशाह सूरी द्वारा रुपया का प्रचलन शुरू किया गया। सिक्कों में धार्मिक विश्वास और सहिष्णुता भी परिलक्षित होती है। मुहम्मद गौरी के सिक्कों पर लक्ष्मी का अंकन, अकबर के काल में रामटंका सिक्के तथा मुहम्मद गज़नी द्वारा धार्मिक सिक्कों का निर्गमन इसके उदाहरण हैं, हालांकि गौरी और गज़नी मूर्तिभंजक भी रहे हैं।

### यूपी बोर्ड : उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का आंकड़ा 61 फीसदी पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य मंगलवार को भी जारी रहा। मंडल के सभी जिलों में बनाए गए 23 मूल्यांकन केंद्रों पर मंगलवार को 3 लाख 18 हजार से अधिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में मंडलीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जो मूल्यांकन के प्रथम दिवस से ही मूल्यांकन केंद्रों द्वारा किये जा रहे मूल्यांकन की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि लखनऊ मंडल में अबतक 61 प्रतिशत मूल्यांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मण्डल ने अपने कुल प्राप्त 23,03,66 उत्तर पुस्तिकाओं में से 14,05,7,75 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया है। जो सम्पूर्ण मूल्यांकन का 61 प्रतिशत है।

# जीएसटी एवं केंद्रीय बजट पर हुई प्रश्नोत्तरी में आकाश और यश की टीम रही प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में "जीएसटी एवं केंद्रीय बजट 2026-27" विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कौशिकी सिंह के अनुसार प्रतियोगिता में एमकॉम द्वितीय वर्ष के आकाश दुबे व यश वर्मा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, मनीष गुप्ता और प्रियांशु द्वितीय, अनुज कुमार पाल एवं इशिका यादव तृतीय स्थान पर रहे।



प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ। अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. राशी कृष्णा सिन्हा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीएसटी की उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की ज्ञानवृद्धि के साथ-साथ उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता को भी विकसित करते हैं। प्रो. संजीव गुप्ता ने समसामयिक आर्थिक विषयों पर विद्यार्थियों को जीएसटी व केंद्रीय बजट के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

वहीं, डॉ. विजय वर्मा ने अपने वक्तव्य में केंद्रीय बजट के सामाजिक प्रभावों की विस्तृत चर्चा की। संयोजिका डॉ. कौशिकी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को बधाई दी गई तथा राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# मानवाधिकारों के उभरते आयाम पर दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में मानवाधिकार विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवाधिकारों के उभरते आयाम' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एसके भटनागर उपस्थित रहे।



मानवाधिकारों पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ। अमृत विचार

प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य केवल अधिकार देना नहीं, बल्कि व्यक्ति को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने सुरक्षा, सुरक्षित वातावरण और स्वावलंबन को मानवाधिकार संरक्षण के तीन प्रमुख स्तंभ बताया। मुख्य अतिथि प्रो. एसके भटनागर ने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी आवश्यक है। उन्होंने श्रमिक वर्ग के संरक्षण हेतु सशक्त कानूनों और डिजिटल युग में गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रभावी कानूनी ढांचे की जरूरत पर बल दिया।

- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम

विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति मिश्रा ने तकनीकी प्रगति के साथ उभरती चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल सुरक्षा और एलजीबीटीक्यू समुदाय के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। अंत में डॉ. अजय सिंह कुशवाहा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी में उपस्थित प्रतिभागी। अमृत विचार

# विश्व जल दिवस पर भाषा विवि में हुई संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्व जल दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. शकील अहमद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सभी को इसके प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्रो. आरके त्रिपाठी ने आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जल प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

विषय प्रभारी कौशलेश कुमार शाह ने संगोष्ठी के उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में विभाग के संकाय सदस्य आस्था चौरसिया एवं सलमान अंसारी सहित अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

# जीवन मूल्यों आधारित शिक्षा ही बनाएगी आदर्श नागरिक

**अमृत विचार , लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ज्यूडिशियल ऑफीसर व प्रमुख सचिव, विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में दुबे ने शिक्षकों व अभिभावकों का आहवान किया कि बच्चों में प्रारम्भ से ही जीवन मूल्यों का विकास करें क्योंकि यही शिक्षा जीवन पर्यन्त उनका मार्गदर्शन करेगी। प्रो. गीता गांधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का तात्पर्य छात्रों के अंदर छिपी शक्तियों तथा क्षमताओं को विकसित करना है। समारोह में छात्रों ने शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों के कोमल मन में शुरू से ही दया, करूणा, प्रेम, सहयोग एवं सहिष्णुता के विचार डालें। प्रधानाचार्या अदिति शर्मा ने कहा कि स्कूल पर बालक को एक अच्छा इंसान बनाने की नैतिक जिम्मेदारी होती है और यह सहयोग से ही संभव है।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रदीप कुमार दूबे, गीता गांधी व प्रधानाचार्या अदिति शर्मा।

## सिटी डायरी



कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते छात्र।

### प्रवेश में धांधली के विरोध में छात्रों ने की जांच की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं व धांधली के विरोध में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने एडमिशन डीन के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल कुलसचिव के समक्ष अपनी मांगों को औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया। छात्रों ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, ताकि किसी भी विद्यार्थी के साथ अन्याय न हो। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से आदित्य पाण्डेय, प्रेम प्रकाश, अनुराग चौधरी, जतिन यादव, सूर्यांश आर्यन, अखिलेश, अजितेंद्र आजाद, रूद्रवीर, छात्र नेता प्रशांत पाल, आलोक यादव, सुमित, अमित सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।



शोध कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी।

### नवीन ज्ञान का सृजन ही शोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में 'समाज कार्य व्यवसाय में शोध के नवीन आयाम' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें शोध के नवीन पक्षों पर विस्तृत चर्चा की गई और पूर्व में की गयी शोध परियोजनाओं के अनुभवों को साझा किया। वक्ताओं ने कहा कि व्यवस्थित और क्रमबद्ध तरीके से नवीन ज्ञान का सृजन ही शोध है। लखनऊ विश्वविद्यालय में समाज कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एएन सिंह ने अपनी अकादमिक यात्रा का जिक्र किया। कार्यक्रम में सह आचार्या डॉ. अर्चना सिंह, सह आचार्य डॉ. रुपेश कुमार सिंह, सहायक आचार्य डॉ. श्याम सिंह, सहायक आचार्य डॉ अवधेश कुमार, अतिथि प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय

### शिविर में कराई स्वास्थ्य जांच

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। मेदांता अस्पताल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराया। शिविर में चिकित्सकीय टीम ने रक्तचाप, शुगर, हड्डी की जांच, आंखों की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किये इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया, उपकुसचिव डॉ. आरके सिंह, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह, सहा. कुलसचिव सौरभ सिंह, व्यवस्थाधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. दरबारी लाल की जयन्ती पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

### स्मृति समारोह का आयोजन

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से उनकी पुण्यतिथि पर टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्मृति समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर रत्ना अस्थाना के निर्देशन में "जय हो" सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महादेव प्रसाद यादव और प्रधानाचार्या लक्ष्मी सिंह को स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में आनंद, नमन, पावनी, रोली, सुधा, लक्ष्मी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# योग, पौरोहित्य व ज्योतिष पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा त्रैमासिक योग, पौरोहित्य और ज्योतिष व वास्तु प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में सभी वक्ताओं का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा संस्कृत को बढावा देने पर बल दिया। डॉ. सत्यप्रकाश द्विवेदी, डॉ. अनिल कुमार पोरवाल, अखण्ड प्रताप सिंह प्रशिक्षकों ने भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा तथा पारंपरिक विद्याओं के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया की ज्योतिष भारतीय ज्ञान परम्परा का एक अत्यंत प्राचीन और महत्वपूर्ण अंग है। पौरोहित्य प्रशिक्षक नरेश बाबू दीक्षित, बालेन्दु मणि त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि पौरोहित्य कर्मकाण्ड और ज्योतिष विद्या दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। शिविर में योग प्रशिक्षिका अंजली शर्मा ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम नही, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का एक समग्र विज्ञान है। योग हमें स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाता है और आंतरिक शांति की ओर ले जाता है। इस अवसर पर जगदानन्द झा, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मंच संचालन किया गया तथा महेन्द्र कुमार पाठक द्वारा अतिथियों को माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

# ला-मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज परिसर में चार एलपीजी गैस सिलिंडर बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कॉलेज परिसर में खड़ी बाइक पर चार सिलिंडर लदे मिले
- चालक फरार, बाइक नंबर के आधार पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** ला-मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज परिसर से हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के एलपीजी गैस के चार भरे सिलिंडर बरामद हुए हैं। बाइक चालक मौके से भाग निकला। वाहन नंबर के आधार पर पूर्ति निरीक्षक ने सोमवार शाम हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



हजरतगंज पूर्ति निरीक्षक हर्ष मिश्रा ने तहरीर में बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि राणा प्रताप मार्ग पर स्थित ला-मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज परिसर में एलपीजी गैस के भरे सिलिंडर जमा किए जा रहे हैं। इस सूचना पर पूर्ति निरीक्षक ने दोपहर करीब 1 बजे टीम के साथ छापेमारी की। कॉलेज परिसर में खड़ी बाइक पर चार सिलिंडर लदे मिले। पूछताछ में कॉलेज प्रशासन और गार्डों ने गैस सिलिंडर के बारे में कोई भी जानकारी होने से इंकार कर दिया। आरटीओ से जानकारी करने पर पता चला कि बरामद बाइक मदेयगंज के खदरा टीजी हॉस्टल निवासी गौरव यादव के नाम पर दर्ज है। पूर्ति निरीक्षक ने सिलिंडर जब्त करने के बाद हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।